दौला, गुरुग्राम हरियाणा में चालक प्रशिक्षण संस्थान तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिलान्यास समारोह के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति का अभिभाषण

दिनांक 2 जून, 2017

आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। आज यहां आकर और आप सब से मिलकर मैं बहुत खुश हूं। जिस स्मार्टग्राम पहल की शुरुआत लगभग एक साल पहले राष्ट्रपति भवन से हुई थी, उसने केवल एक ही साल में एक लम्बा सफर तय कर लिया है। यह अपने आप में एक मिसाल है और हम सबके लिए एक गर्व का विषय है।

आज आप सभी के बीच आकर मैं यह महसूस कर रहा हूं कि हमारे गांवों और गांववासियों में भरपूर विकास करने की न सिर्फ क्षमता है बल्कि ललक भी है। अगर हम इसी तरह आगे बढ़ते रहे तो वह दिन दूर नहीं होगा जब युवा गांव छोड़कर शहर की तरफ नहीं जाएगा। बेटियों की पढ़ाई गांव या गांव के पास ही पूरी हो सकेगी। अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं कम खर्चे पर सबको उपलब्ध होंगी और युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार गांव के पास ही मिल जाएगा।

प्यारे दोस्तो,

मैं यह मानता हूं कि जब हमारे गांव विकसित होंगे तो ही हमारा देश विकसित होगा। आज भी हमारे देश के लगभग 68 प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं। कृषि और कृषि से जुड़े क्षेत्रों का हमारे देश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान लगभग 15 प्रतिशत का है। अगर हमें गांवों को खुशहाल बनाना है तो हमें अपने आर्थिक ढांचे को सुधारना पड़ेगा। जब स्मार्टग्राम पहल की शुरुआत 2 जुलाई, 2016 को हुई थी, तब मुझे विश्वास था कि जो काम राष्ट्रपति भवन को स्मार्ट बनाने के लिए किए गए हैं वे हमारे गांवों में भी किए जा सकते हैं। हरियाणा सरकार की मदद से हमने 5 गांवों का चयन किया और इन गांवों में विकास के बहुत से कामों की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए अब इस कार्यक्रम को 100 गांवों तक बढ़ा दिया गया है। स्मार्टग्राम का हमारा मतलब है एक ऐसा गांव जिसमें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों और जहां खुशी और खुशहाली दोनों हों। यह

तभी संभव है जब सरकार, Private Sector, Academic Institutions, NGOs और गांववासी एकजुट हों और मिलकर गांव के विकास के लिए काम करें।

मैं हरियाणा के मुख्यमंत्री जी का और उनकी सरकार का धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने स्मार्टग्राम पहल को आगे बढ़ाने के लिए पूरी-पूरी मदद की है और इन गांवों में हो रहे कामों को देखने के लिए उन्होंने खुद गांवों का दौरा किया। बिजली, पानी, सड़कों की व्यवस्था ठीक करने के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं।

आज यहां Drivers Training Institute का शिलान्यास किया गया। मैं कौशल विकास मंत्रालय के मंत्री, श्री राजीव प्रताप रूडी जी का धन्यवाद करता हूं जिनका मंत्रालय स्मार्टग्राम पहल से शुरू से ही जुड़ा है। रूडी जी एक युवा नेता हैं और उन्होंने अपने नए मंत्रालय को चलाने में कम समय में काफी सफलता प्राप्त की है। आने वाले दिनों में 100 गांवों के हरेक युवा के पास कोई न कोई हुनर होगा जिससे वह अपने लिए और अपने परिवार के लिए सुरक्षित भविष्य दे सके।

मैं श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी, Petroleum Minister का भी धन्यवाद करता हूं जिनकी मदद से आज दौला गांव के लिए Secondary School के निर्माण का काम शुरू हो रहा है। स्मार्टग्राम पहल में बहुत सारी Organizations काम कर रहे हैं। सभी अपने अपने क्षेत्र में जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, पानी, Agriculture में पूरी मेहनत से काम कर रहे हैं। इस अभियान में काम कर रहे गुरुग्राम तथा मेवात जिला प्रशासन सहित सभी संस्थाओं को भी मैं धन्यवाद देता हूं।

भाइयो एवं बहनो,

आज हमारे देश के सामने बहुत बड़ी चुनौती है हमारे युवाओं को रोजगार उपलब्ध करना। लगभग 10 लाख युवा हर साल नौकरी की तलाश शुरू करते हैं। नौकरी के अभाव में गांव से युवा गांवों को छोड़कर शहरों की तरफ जा रहे हैं। हमें गांवों में ऐसी सुविधाएं देनी है जैसे बिजली, सड़क और कौशल जिससे गांवों में ही रोजगार के अवसर तैयार किया जा सकें। ऐसा करने से गांवों की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी और उनमें खुशहाली आएगी। मैं एक बात और आपसे कहना चाहूंगा कि अगर हमें गांव को समृद्ध करना है तो हमारी माताओं, बहनों और बेटियों को आगे बढ़ाना होगा। हमें उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार का विशेष ध्यान रखना होगा। ऐसा करने के लिए हम सभी को साथ मिलकर काम करना होगा।

आज मैं बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि 100 गांव के लोग, जनप्रतिनिधि, भारत सरकार के मंत्रालय, हरियाणा सरकार, Private और Public Sector से संस्थाएं आज यहां एकत्र हुए हैं और साथ मिलकर हमारे गांवों को समृद्ध करने का संकल्प ले रहे हैं।

मेरे प्यारे भाइयो और बहनो, मैं आप सबका एक बार फिर से धन्यवाद देता हूं और आप सभी से अनुरोध करता हूं कि स्मार्टग्राम पहल को सफल करने में अपना भरपूर सहयोग दें।

धन्यवाद,

जय हिंद!